हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 6 मई 2026

तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.5 डिग्री

11 राजनीतिक दलों के रोड शो आफत, नाईवाली चौक से मंडी तक लगा जाम



12 आपराधिक मामलों में पुलिस का प्रहार एक माह में 338 आरोपियों को दिखाई जेल की सलाखें






## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

नाहड़। पुलिस चौकी ने तीन दिन पहले लूखी में हुई विवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में मृतका के पति को गिरफ्तार किया है। गांव निवासी प्रमिला की गत शनिवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। उसका शव बेड पर पड़ा मिला था। ससुराल पक्ष के लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की बात कही थी, जबकि मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया था। प्रमिला की शादी इसी साल जनवरी में हुई थी। पुलिस ने पति सहित चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में आरोपी पति धर्मेंद्र को गिरफ्तार किया गया है।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हाइवे पर हुए सड़क हादसे के बाद गत 27 मार्च को केस दर्ज किया था। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद गाड़ी चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने जाट सायरवास निवासी सुमित को गिरफ्तार कर लिया। 29 अप्रैल को हुए हादसे के आरोपी चालक यूपी के हरवशपुर निवासी राजकुमार को गिरफ्तार किया गया है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़े पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित दो पीओ गिरफ्तार किए हैं। कोर्ट में चल रहे मामलों में सुनवाई के दौरान हाजिर नहीं होने पर भाड़ावास निवासी अजीत और तिहाड़ा निवासी भगवान सिंह को पीओ घोषित कर दिया गया था। दोनों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 4 मई को अलग-अलग मामले दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### धोखाधड़ी मामले का आरोपी जांच में शामिल

रेवाड़ी। जनवरी माह में दर्ज किए गए धोखाधड़ी मामले के एक आरोपी को जांच में शामिल किया गया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। मामले की जांच पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने की थी। लाखों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप लगाए गए थे। पुलिस ने गत 11 जनवरी को दर्ज किए गए इस मामले में नंदरामपुर बास निवासी बनवारी लाल को जांच में शामिल किया है। बाद में आरोपी को रिहा कर दिया गया।

### चोरी के दो आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

रेवाड़ी। थाना खोल पुलिस ने चोरी के पुराने मामले में दो आरोपियों को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र में हुई चोरी की वारदात के बाद 29 अक्टूबर 2022 को चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस के काफी प्रयासों के बाद भी चोरों का पता नहीं चल सका था। अब पुलिस ने अन्य मामले में जेल बंद चल रहे फरीदाबाद के अटेरना निवासी नरेश और पलवल के परसा का नांगल निवासी रवि को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। मामले में पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

*ठेका लेने वाली एजेंसी भी सुस्त, अधिकारियों की ओर से नहीं दिया जा रहा ध्यान*

# नप की सुस्ती से शहर की अनेक सड़कों पर दो माह से अंधेरा, स्ट्रीट लाइटों के साथ तिरंगा लाइटें भी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद सुस्ती व लापरवाही के कारण शहर सहित बाहरी मार्गों की 50 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हुई है। देखरेख के अभाव में शहर की सड़कें पर पिछले एक महीने से अंधेरे में डूबी हुई है। सड़कों पर अंधेरा होने से वाहन चालकों को हमेशा दुर्घटना होने का डर बना रहता है। नगर परिषद की ओर से स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत के लिए टेंडर किए जाने के बावजूद ठेकेदार की ओर से लाइटों को ठीक नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि शहर के सौन्दर्यकरण के लिए अक्टूबर-2024 में करीब 45 लाख की लागत से लगाई गई ज्यादातर तिरंगा लाइटें भी दम तोड़ चुकी है। पिछले दो माह से शहर की सड़कों पर रात के समय फिर से अंधेरा छाया हुआ है। यहां तक कि शहर के मोहल्लों व कॉलोनियों में भी काफी स्ट्रीट लाइटें बंद हो चुकी है।



रेवाड़ी। सर्कुलर रोड पर अग्रसेन चौक से नाईवाली चौक के बीच अंधेरा। फोटो: हरिभूमि



रेवाड़ी। दिल्ली रोड पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें। फोटो :हरिभूमि

### प्रति वर्ष मेंटेनेंस के नाम पर लाखों खर्च


नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष स्ट्रीट लाइटों के मेंटेनेंस के लिए लाखों रुपये का ठेका दिया जाता है, लेकिन अधिकारियों की ओर से देखरेख नहीं करने पर ठेका लेने वाली एजेंसी सुस्त पड़ जाती है। शहर में स्ट्रीट लाइटों के अलावा बिजली पोल पर सौन्दर्यकरण के लिए लगाई गई तिरंगा लाइटें भी कई जगह पर बंद पड़ी हुई है। शहर के सरकुलर रोड, बावल रोड, गढ़ी बोलनी रोड, मिनी बाइपास, सचिवालय रोड, नारनौल रोड व भाड़ावास रोड सहित अनाजमंडी रोड पर काफी स्ट्रीट लाइटें बंद हो चुकी है। वही दिल्ली रोड व सेक्टर-4 बाइपास पर सभी स्ट्रीट लाइटें बंद हो चुकी है।

### काफी जगह के पोल भी टूट चुके

सरकुलर रोड सहित गढ़ी बोलनी रोड, अनाजमंडी रोड व मिनी बाइपास पर काफी सुलतान लाइटों के पोल तक टूट चुके है तथा कई पोल टूटने की अवस्था में आ चुके है। यहां तक कि इन लाइटों के कनेक्शन के तार भी खुले में नजर आते है, जिनसे करंट लगने का खतरा भी बना रहता है। अनाजमंडी में भी पिछले तीन महीने से बिजली का सिमेंट का पोल टूट हुआ है, जोकि कभी भी गिरकर हादसे का कारण बन सकता है।

### सचिवालय रोड पर ही नहीं दिया जा रहा ध्यान

एजेंसी की ओर से टेंडर लेने के बाद से सुस्ती बरती जा रही है, जिससे शहर के अंदर ही अंधेरा छाया रहता है। पिछले तीन दिन से रात के समय आ रहे अंधड़ के कारण भी काफी स्ट्रीट लाइटों में फाल्ट आ चुका है। सचिवालय रोड पर ही खराब स्ट्रीट लाइटों को ठीक करने में ध्यान नहीं दिया जा रहा है। रोड पर महज दो-तीन लाइटें ही चालू है, जबकि बाकी लाइटें बंद पड़ी हुई है। यहां तक कि नगर परिषद के सामने की सड़क पर भी स्ट्रीट लाइटें खराब होने से अंधेरा छाया रहता है।



रेवाड़ी। सर्कुलर रोड पर बस स्टैंड के पास बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें। फोटो : हरिभूमि

## अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़, आरोपी गिरफ्तार

- तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा रौंद बरामद हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

आगामी शहरी निकाय आम चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिएं जिला पुलिस की ओर से अवैध हथियारों, नशा तस्करी और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। सीआईए कोसली ने अवैध हथियार रखने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव माढ़िया खुर्द निवासी संजीत उर्फ बचिया के रूप में हुई है। सीआईए कोसली को सूचना मिली कि गांव माढ़िया खुर्द निवासी संजीत उर्फ बचिया के पास अवैध हथियार के साथ गांव बोड़िया कमालपुर बस स्टैंड पर किसी का इंतजार कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके से आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा और एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## नपा कर्मचारी पांच दिन से धरने पर, सफाई व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल

बावल नगर पालिका में नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर मांगों को लेकर पांच दिन से सफाई कर्मियों का धरना चल रहा है। सफाई कर्मियों के धरने के कारण कस्बे में सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सड़कों पर जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए है। नालियों की सफाई नहीं हो रही है। मंगलवार को पांचवे दिन धरने की अध्यक्षता विजय कुमार ने की। कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, वेतन 30 हजार करने और गुरुग्राम में निकाले गए 3480 कर्मचारियों की बहाली करने की मांग की। इस अवसर पर एसकेएस के प्रधान धनराज, ईश्वर सिंह बोड़वाल, अशोक कुमार, बबीता, शीला, किरण, संदीप, योगेश, जवाहर सिंह, सुमन, कमलेश व रोहताश सहित अनेक सफाई कर्मचारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। बावल में सड़क पर जमा कचरा तथा नगरपालिका में धरना देते हुए सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि



## स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शहर थाना पुलिस ने स्मैक तस्करी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला तोपचीवाड़ा निवासी गौरव उर्फ नोना के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 7.04 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस को मंगलवार को सूचना मिली कि गौरव उर्फ नोना अवैध नशीला पदार्थ स्मैक बेचने का कारोबार करता है। आरोपी गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल के पास स्मैक बेच रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके से आरोपी को स्मैक सहित काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

*पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से बार-बार बदल रहा मौसम*

## आसमान साफ होते ही चढ़ने लगा पारा, गर्मी छुड़ाने लगी पसीना

- कल बादल छाने व आंधी के साथ हल्की बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कमजोर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल रहा है। आसमान साफ होते ही तापमान बढ़ने से उमस भरी गर्मी ने पसीना निकालना शुरू कर दिया है। अगले दो-तीन दिन तक मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है।

मंगलवार को सुबह के समय आंशिक बादल छाए रहे। तेज हवाएं चलने के बाद आसमान साफ हो गया। हवा में आर्द्रता 42 प्रतिशत तक रहने के कारण धूप निकलते ही वातावरण में उमस बन गई। अधिकतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 34.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की मामूली वृद्धि के साथ 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवाओं की रफ्तार 14 किलोमीटर प्रति घंटा के आसपास रही। बीते वर्ष 5 मई को अधिकतम तापमान 35.0 डिग्री और न्यूनतम 23.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम का मिजाज गत वर्ष की तरह ही बना हुआ है। तापमान में ज्यादा वृद्धि नहीं होने के बावजूद उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया है। उमस के कारण कूलरों की हवा भी बेअसर साबित होने लगी है। गर्मी दिन भर लोगों का पसीना निकालने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन तक मौसम में बार-बार बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है। मंगलवार को शाम के समय एक बार फिर से बादल छाने के बाद बूंदाबांदी की संभावनाएं नजर आने लगीं।



रेवाड़ी। मंगलवार शाम को छाए बरसात के बादल। फोटो : हरिभूमि

### रात को आंधी के बाद छाया अंधेरा

सोमवार की रात एक बार फिर तेज आंधी के साथ बूंदाबांदी हुई। आंधी के कारण बड़ी संख्या में बिजली के फीडर ब्रेक डाउन हो गए। कई फीडरों को मंगलवार सुबह ही चालू किया जा सका, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बिजली नसीब नहीं हुई। बार-बार आने वाली आंधी से बिजली व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। फीडर बंद रहने के कारण बिजली की दैनिक खपत में भी गिरावट दर्ज की गई है।

### तीन दिन बाद गर्मी बदलेगी तेवर

मौसम विभाग का अनुमान है कि सक्रिय विक्षोभ का असर अगले तीन दिन के बाद खत्म होना शुरू हो जाएगा। इसके बाद आसमान साफ हो जाएगा। मौसम खुलते ही तापमान में तेजी से वृद्धि देखने को मिल सकती है, जिससे लू का प्रकोप बढ़ना शुरू हो जाएगा। मई के दूसरे पखवाड़े में लू के थपेड़ों का फिर से सामना करना पड़ सकता है।

### अवैध देशी शराब बेचते हुए एक आरोपी काबू


रेवाड़ी। सदर थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव गंगायचा अहीर निवासी दयानन्द उर्फ दया के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 42 पव्वे देशी शराब बरामद की है। मंगलवार को पुलिस को सूचना मिली कर दयानन्द उर्फ दया एनएच-352 पर गांव बीकानेर कट के पास अवैध रूप से देशी शराब बेच रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके से आरोपी को शराब सहित काबू कर लिया। आरोपी शराब के संबंध में लाइसेंस या परमिट के कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपी के खिलाफआबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंचीं, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही हैं। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



## हॉलीवुड मसाला



### फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गईं निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज़ को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज़ अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज़ ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।



### क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



### इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

मुंबई। करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



### धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

नई दिल्ली। सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

## टीवी मसाला



### राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

नई दिल्ली। मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवादकर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा में बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंदवादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

नई दिल्ली। टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है। जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



### विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

मुंबई। भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




#### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सकें।

### भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

मुंबई। 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोंनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



### धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

#### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

#### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत' अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

#### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

#### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।

### नगर परिषद चुनाव को लेकर बढ़ गए हैं राजनीतिक आयोजन

# राजनीतिक दलों के रोड शो आफत नाईवाली चौक से मंडी तक लगा जाम

## वाहन चालकों को करना पड़ा परेशानी का सामना, ट्रैफिक पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

नगर परिषद चुनाव के चलते राजनीतिक दलों के रोड शो शहर के लोगों के लिए आफत भी साबित होने लगे हैं। मंगलवार शाम एक रोड शो के दौरान नाईवाली चौक से अनाजमंडी वाहनों का जाम लगा रहा, जिससे खुलवाने में ट्रैफिक पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। एक पार्टी की ओर से प्रत्याशी के समर्थन में रोड शो का आयोजन किया गया था। इसमें बड़ी संख्या में वाहन और लोग शामिल होने के कारण सरकुलर रोड पर जाम लग गया। अनाजमंडी से लेकर नाईवाली चौक तक बड़ी संख्या में वाहन फंस गए। रोड शो के दौरान वाहनों को शहर से बाहर निकलने का रास्ता तक नहीं मिला। अग्रसेन चौक के पास बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंसे रहे। इसके बाद अनाजमंडी के पास वाहनों की लाइनें लग गइं।



रेवाड़ी। अनाजमंडी के निकट सड़क पर जाम में फंसे वाहन। फोटो : हरिभूमि

### रोड शो के बाद सुचारू हुई यातायात व्यवस्था

रोड शो खत्म होने के बाद यातायात सुचारू कराने के लिए ट्रैफिक पुलिस के कर्मचारियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बड़ी संख्या में वाहन चालक भाड़ावास रोड से होते ही आउटर बाइपास से शहर से बाहर निकले। इस दौरान वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। शाम के समय नौकरीपेश लोगों को घरों तक पहुंचने में देरी हुई।

### आशा वर्कर्स यूनियन ने सीएमओ और उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

# मांगें पूरी नहीं हुई तो स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आशा वर्कर्स यूनियन जिला महेंद्रगढ़ की ओर से मंगलवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। यूनियन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि 8 मई शाम तक स्वास्थ्य मंत्री आरती राव आशा वर्कर्स यूनियन के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती हैं, तो 9 मई को पूरे हरियाणा की आशा वर्कर्स स्वास्थ्य मंत्री के आवास पर जोरदार प्रदर्शन करेंगी।

ज्ञापन सौंपते हुए जिला प्रधान सुशीला, जिला सचिव कांता और जिला कोषाध्यक्ष संतोष ने कहा कि आशा वर्कर्स लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रही हैं, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस समाधान नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार बातचीत कर समाधान नहीं निकालती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यूनियन ने मांग की कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2025 में घोषित 1500 रुपये की बढ़ोतरी को तुरंत लागू किया जाए। इसके अलावा वर्ष 2023 में 8 अगस्त से 19 अक्टूबर तक चली हड़ताल के दौरान काटे गए फिक्स मानदेय और इंसेंटिव को बहाल किया जाए। आशा वर्कर्स ने खुद को पक्का कर्मचारी घोषित करने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि जब तक उन्हें स्थायी कर्मचारी नहीं बनाया जाता, तब तक कम से कम 30 हजार रुपये न्यूनतम वेतन के साथ सभी सामाजिक सुरक्षा लाभ दिए जाएं। यूनियन ने आशा वर्कर्स की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष करने, डेथ क्लेम बढ़ाने तथा सेवानिवृत्ति पर दो लाख रुपये का लाभ देने की भी मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि आशा वर्कर्स के वेतन को महंगाई भत्ते से जोड़ा जाए तथा राशन मनी और त्योहारों पर बोनस दिया जाए। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए गए हेल्थ कार्ड सही तरीके से काम नहीं कर रहे हैं, इसलिए आशा वर्कर्स और उनके परिवारों के इलाज की गारंटी हरियाणा सरकार के पैनल अस्पतालों में सुनिश्चित की जाए।


नारनौल। डीसी कार्यालय की अधीक्षक को ज्ञापन सौंपतीं आशा वर्कर्स।

### परिवार नियोजन कार्य के लिए समय पर भुगतान की मांग

आशा वर्कर्स ने जेएसवाई डिलीवरी मानदेय, टीबी इंसेंटिव, नियमित टीकाकरण मानदेय और दूसरे जिलों में होने वाली डिलीवरी व परिवार नियोजन कार्य का भुगतान भी समय पर देने की मांग रखी। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं के लिए एंबुलेंस सुविधा, अस्पतालों में उचित डाइट व्यवस्था तथा आशाओं को आवश्यक रजिस्टर और रिकॉर्ड उपलब्ध करवाने की मांग भी उठाई गई। यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि यदि सरकार जल्द समाधान नहीं करती तो प्रदेशभर की आशा वर्कर्स आंदोलन को और तेज करने के लिए मजबूर होंगी।


नारनौल। उपनिदेशक को मांग पत्र सौंपते पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### पशु टीकाकरण में आधार कार्ड, ओटीपी लिंक करने पर जताई चिंता, मांग पत्र सौंपा

नारनौल। वेटरनरी सर्विसिस एसोसिएशन की जिला इकाई ने पशुपालन विभाग के उपनिदेशक के साथ बैठक की। इस दौरान एसोसिएशन ने क्षेत्र में तकनीकी और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा।

एसोसिएशन के जिला वित्त सचिव सौरभ राज के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपनिदेशक महोदय डॉ नसीब सिंह को फील्ड में आ रही जमीनी दिक्कतों से अवगत कराया। जिला वित्त सचिव के साथ कोषाध्यक्ष सुशील कुमार एवं उप प्रधान यशपाल व कार्यकारिणी के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे। कमेटी ने विशेष रूप से कर्मचारियों और फील्ड स्टाफ को आ रही तकनीकी शिकायतों पर चर्चा की। इसमें टीकाकरण के दौरान आधार कार्ड को ओटीपी के माध्यम से लिंक करने, फोटो को अपलोड करने की अनिवार्यता पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में कनेक्टिविटी की समस्या और ग्रामीणों की ओटीपी बताने में असहजता के कारण इसे जमीनी स्तर पर लागू करना मुश्किल है। वहीं गर्मी में पशु टीकाकरण करने से पशु स्ट्रेस में आयेगा इससे दूध उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। डेटा एंट्री ऑपरेटर भी नहीं है। इस से फील्ड स्टाफ पर अनावश्यक दबाव बढ़ रहा है। टीकाकरण के लिए आवश्यक दवाएं एवं उपकरण भी फिलहाल नहीं है। उपनिदेशक ने कर्मचारियों की समस्याओं और चिंताओं से उच्च अधिकारियों को अवगत कराने का आश्वासन दिया।

### सूरज स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पंचायत भवन का शैक्षणिक भ्रमण

महेंद्रगढ़। गांव खेड़ा स्थित पंचायत भवन में सूरज स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस दौरान छात्रों ने गांव में चल रहे विकास कार्यों को नजदीक से देखा और समझा भ्रमण के अवसर पर ग्राम सरपंच ओंकार सिंह तथा पंचायत अधिकारी प्रवीन कुमार ने विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने पंचायत की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक व्यवस्था तथा विकास योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण स्कूल के माध्यमिक वर्ग के छात्रों को कराया गया। इस भ्रमण में विद्यालय के अध्यापक पवन कुमार, शिव कुमार और अनीता यादव मार्गदर्शक के रूप में साथ रहे।


महेंद्रगढ़। पंचायत भवन का भ्रमण करते विद्यार्थी।

## अपहरण कर युवक को बुरी तरह पीटा वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर में कुछ युवकों ने एक युवक का अपहरण कर उसे खेतों में ले जाकर बुरी तरह पीटा। इस मारपीट के दौरान आरोपितों ने उसका वीडियो भी बना लिया। फिर उसे अचेत अवस्था में छोड़कर चले गए। बाद में घायल को नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस घटना के बाद आरोपितों ने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर एक रील अपलोड की, जिसमें युवक के घर के बाहर डंडे लेकर धमकाते और उसके साथ मारपीट करते हुए दिखाई दे रहे है। इस वीडियो रील में उन्होंने गाना लगाया- 'घणा था शरीफ मां का लाडला, देख ले आज यो अय्याश बन गया। मार गई गरीबी, दूजे मार गए करीबी, होकर तंग आज बदमाश बन गया।' सिटी पुलिस ने इस मामले में चार नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अभी गिरफ्तारी का खुलासा नहीं किया है। शिकायतकर्ता विशाल सोनी ने बताया है कि पिता जुगनू की कुछ साल वहले कैंसर से मौत हो गई थी। वह और उसका भाई देव अलग अलग दुकानों पर काम कर परिवार का गुजारा चलाते है। देव के एक दोस्त का तीन चार माह पहले गांधी कॉलोनी वासी शुभम और गोलू के साथ झगड़ा हो गया था। तब बीच बचाव कर मामला सुलझा लिया गया था। इसी बात को लेकर गोलू और शुभम रंजिश रखने लगे और देव सोनी को पीटने की फिराक में रहने लगे थे।


नारनौल। वीडियो में युवक की पिटाई करते युवक।

#### क्या कहते हैं पुलिस प्रवक्ता

पुलिस विभाग ने इस संबंध में अपना बयान जारी कर बताया है कि सोशल मीडिया पर एक युवक के साथ मारपीट के वायरल वीडियो पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर चार नामजद और एक अज्ञात आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है और शीघ्र ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



मंडी अटेली। विरोध प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से अटेली बेहाल

मंडी अटेली। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की लगातार पांचवें दिन जारी हड़ताल का असर अब शहर की सफाई व्यवस्था पर साफ दिखाई देने लगा है। मंगलवार को कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया और मुख्य मार्गों पर नारेबाजी करते हुए रोष जताया। हड़ताल के चलते शहर की सड़कों, बाजारों और गलियों में जगह-जगह कचरे के ढेर जमा हो गए हैं। तेज हवाओं के कारण कचरा इधर-उधर फैल रहा है, जिससे वातावरण दूषित हो रहा है और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बदबू के चलते लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, वहीं बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ने लगा है। लोगों ने प्रशासन से जल्द समाधान निकालने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द सफाई व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो हालात और खराब हो सकते हैं। इस बीच नगर पालिका चेयरमैन संजय गोयल ने शहरवासियों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि लोग कचरा इधर-उधर न फेंकें और डोर-टू-डोर गाड़ियों में ही डालें। साथ ही वार्ड कमेटियों से भी सफाई व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आह्वान किया गया है।

## पक्की नौकरी की मांग पर अड़े सफाई और फायर कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई की ओर से चल रही काम छोड़ हड़ताल मंगलवार को पांचवें दिन भी जारी रही, जबकि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल 28वें दिन में प्रवेश कर गई। नगर पालिका परिसर में आयोजित धरना-प्रदर्शन में सफाई कर्मचारियों और फायर कर्मियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपनी लंबित मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई।

हड़ताल की अध्यक्षता नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई नारनौल के प्रधान भूपेंद्र सिंह सारवान ने की। इस दौरान बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी, फायर कर्मचारी तथा कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरने के दौरान फायर विभाग के कर्मचारियों का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। वक्ताओं ने हाल ही में ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के परिवारों को न्याय देने की मांग की। कर्मचारियों ने सरकार से मांग की कि दोनों मृतक फायर कर्मियों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। साथ ही फायर विभाग में कार्यरत सभी कच्चे कर्मचारियों को स्थायी किया जाए।


नारनौल। धरने पर नारेबाजी करते हड़ताली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

#### आज तक नहीं हुआ समाधान

प्रधान भूपेंद्र सिंह सारवान ने कहा कि प्रदेशभर में हजारों कर्मचारी पिछले 15 से 20 वर्षों से नगर पालिकाओं और अग्निशमन विभाग में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन सरकार अब तक उन्हें पक्का करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार पत्रों और बैठकों के माध्यम से सरकार को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन आज तक समाधान नहीं हुआ।

कर्मचारी नेताओं ने कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारी हर समय अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सुरक्षा में जुटे रहते हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और सुरक्षा नहीं मिल रही। इसके चलते कर्मचारियों में भारी रोष है।

## विधायक बालकनाथ के आपत्तिजनक बयान की निंदा, सैन समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सैन समाज उत्थान समिति की बैठक मंगलवार को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पार्क में आयोजित की गई। बैठक में तिजारा से विधायक बाबा बालकनाथ की ओर से सैन समाज को निशाना बनाते हुए दिए गए आपत्तिजनक बयान की घोर निंदा की गई। समिति की ओर से मामले को लेकर मुख्यमंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा के नाम सीटीएम को ज्ञापन सौंपकर विधायक बालकनाथ के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की। समिति के ओर से ज्ञापन की प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन को भी प्रेषित की गई। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने कहा कि तिजारा विधायक महंत बालकनाथ की ओर से जेईएन को घटिया सड़क निर्माण के संबंध में धमकाते हुए कहा गया है कि तू जेईएन या नाई, जिसका वीडियो वायरल होने पर राजस्थान व भारत के नाई समाज में आक्रोश है और यह नाई समाज का घोर अपमान है। उन्होंने कहा कि विधायक ने यहां नाई से तुलना किसी आशय में की गई है, यह समझ के परे है। उन्होंने कहा कि यह सब उन सभी दस्तकार और कामगार वर्गो का अपमान है, जो अपने कठिन परिश्रम से मेहनत कर कमाकर खाते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक बालक नाथ सैन समाज से माफी मांगे और भाजपा संगठन, सैन समाज को तोड़ने वाले अशोभनीय व्यवहार पर उचित कार्यवाही करें।


रेवाड़ी। सीटीएम को ज्ञापन सौंपते सैन समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

बैठक में सुरेन्द्र पाल सैन प्रधान, ओमप्रकाश सैन गोठड़ा, श्रीकृष्ण खजांची, सुरेश कुमार बिहारीपुर, रमेश कुमार सैन, करतार सैन ठेकेदार, प्रताप सिंह बपास, जयनारायण सैन गुमीना, हनुमान सैन हरजीपुर, संदीप सैन मंगलेश्वर, अजय जाटूवास, ईश्वर सैन नांगल, रिसाल सिंह धीलावास, श्रीकृष्ण सैन मौजाबाद, जसबीर आलियावास व हरद्वारी लाल जलालपुर मौजूद थे।

**अभियान** | 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों को दी जाएगी प्राथमिकता

# पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण से शोधकर्ताओं को होगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि देशभर में प्राचीन पांडुलिपियों, ताड़पत्रों एवं दुर्लभ अभिलेखों का सर्वेक्षण, प्रलेखन, संरक्षण एवं डिजिटलीकरण कर उनकी शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों एवं आमजन के लिए सुलभ पहुंच बनाने के उद्देश्य से ज्ञान भारतम् मिशन चलाया जा रहा है। अभियान के तहत लगभग 75 वर्ष या उससे अधिक पुरानी पांडुलिपियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सर्वे कार्य को तीन माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो कि 15 जून तक किया जाएगा। डीसी ने बताया कि ज्ञान भारतम् मिशन के तहत आम नागरिक भी अपनी पांडुलिपियों की जानकारी जिला प्रशासन को सीधे रूप से ज्ञानभारतम.कॉम वेबसाइट या प्ले.गूगल.कॉम, ज्ञानभारतम.ऐप एंड पीएलआई 1 मोबाइल ऐप के माध्यम से साझा कर सकते हैं। चिन्हित पांडुलिपियों को राष्ट्रीय डिजिटल रिपॉजिटरी में सुरक्षित रखा जाएगा। सर्वेक्षण के तहत सरकारी पुस्तकालयों, विश्वविद्यालयों, संस्कृत पाठशालाओं, मंदिरों, गुरुद्वारों और मठों जैसे धार्मिक स्थलों में उपलब्ध पांडुलिपियों की पहचान और दस्तावेजीकरण करने के साथ-साथ पांडुलिपियों की भौतिक स्थिति का आकलन भी किया जाएगा।

### जिले में 15 जून तक चलेगा सर्वेक्षण कार्य

#### सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का प्रयास



जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष एवं डीसी मीणा ने कहा कि यह मिशन न केवल देश की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, बल्कि इससे आने वाली पीढ़ियों को प्राचीन ज्ञान से जोड़ने का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सभी खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ग्राम सचिवों के माध्यम से गांव-गांव में स्थित मंदिरों, गुरुद्वारों, मस्जिदों तथा अन्य धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों में उपलब्ध हस्तलिखित पांडुलिपियों की जानकारी एकत्रित करें। यदि किसी स्थान पर पांडुलिपियां उपलब्ध होती हैं, तो उन्हें ज्ञान भारतम् ऐप के माध्यम से जियो-टैग कर पोर्टल पर अपलोड किया जाए। वहीं, यदि किसी स्थान पर पांडुलिपियां उपलब्ध नहीं हैं, तो संबंधित महंत, इमाम या प्रबंधक से प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाए।

### दुर्लभ धरोहरों को सुरक्षित रखने में मिलेगी मदद

डीसी ने बताया कि यह राष्ट्रीय अभियान गत 16 मार्च से प्रारंभ किया गया है, जिसके अंतर्गत देशभर में परिवारों, धार्मिक स्थलों एवं विभिन्न संस्थानों में सुरक्षित पांडुलिपियों का सर्वेक्षण, सूचीकरण एवं डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के माध्यम से एक व्यापक डिजिटल डेटाबेस तैयार किया जा रहा है, जिससे इन दुर्लभ धरोहरों को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जिले में जहां भी वर्षों पुरानी पांडुलिपियां सुरक्षित हैं, जिनमें धार्मिक ग्रंथ, ऐतिहासिक दस्तावेज एवं पारंपरिक ज्ञान का अनमोल भंडार निहित है, उनकी पहचान कर डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना अत्यंत आवश्यक है।

## श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की पूजा कर मनाई एकदंत संकष्टी चतुर्थी

- भगवान गणेश और परशुराम के बीच हुए युद्ध में गणेश जी का एक दांत टूट गया , जिसके बाद से वे एकदंत कहलाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को समर्पित एकदंत संकष्टी चतुर्थी विधिविधान से पूजा करके मनाई। दैनिक कार्यों से निवृत्त होकर श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की।

ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि एकदंत संकष्टी चतुर्थी को ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष में मनाने का विधान है। इस दिन व्रत रखकर भगवान गणेश की धूमधाम से पूजा-अर्चना की जाती है। मंगलवार को यह व्रत होने के कारण अंगार की संकष्टी चतुर्थी का दुर्लभ संयोग बना, जिससे आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत शुभ होता है। मान्यता है कि भगवान गणेश और परशुराम के बीच हुए युद्ध में गणेश जी का एक दांत टूट गया था, जिसके बाद से वे एकदंत कहलाए। आज के दिन भक्त इसी स्वरूप की पूजा करते हैं। मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और गणपति की आराधना करने से जीवन के सभी रुके हुए कार्य पूरे होते हैं और मंगल दोष से मुक्ति मिलती है।

अवैध शराब, जुआ एवं सट्टा, अवैध हथियार, मादक पदार्थ व वाहन चोरी सहित अनेक मामलों में पकड़े आरोपी

# आपराधिक मामलों में पुलिस का प्रहार, एक माह में 338 आरोपियों को दिखाई जेल की सलाखें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला पुलिस की ओर से बीते माह अप्रैल में चलाए गए स्पेशल अभियान के तहत अवैध कारोबारों में संलिप्त आरोपियों पर कड़ा प्रहार किया है। पुलिस की ओर से अवैध शराब बेचने, सट्टा खाईवाली व जुआ खेलने, अवैध हथियार रखने व ड्रग्स की तस्करी सहित अनेक मामलों में 338 आरोपियों पर शिकंजा कसा है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी थाना प्रभारियों, चौकी इंचार्ज, सीआईए, स्टाफ तथा पीओ स्टाफ को विभिन्न मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाई जा रही मुहिम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार के अवैध कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अपराधियों पर कार्यवाही भविष्य में भी जारी रहेगी। एसपी ने आमजन से अपील करते हुए कहा किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पुलिस थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल-112 पर सूचना दे सकते हैं।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी व सीआईए की गिरफ्त में आरोपी। फाइल फोटो। फोटो : हरिभूमि

### शराब तस्करों पर शिकंजा

पुलिस ने शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त 21 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 455 बोतल देशी शराब, 5 लीटर कच्ची देशी शराब, 113.25 बोतल अंग्रेजी शराब व 259 बोतल बीयर बरामद की गई है।

### सात आरोपी गिरफ्तार

जुआ एवं सट्टा खाईवाली के 5 मामलों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 85650 रुपये की नकदी बरामद की गई।

### पुलिस की उपलब्धियों पर एक नजर

पुलिस ने बीते माह में साइबर ठगी के मामलों संलिप्त 13 साइबर ठगों को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने 35 उद्घोषित-जमानोत्तर अपराधियों को अपराधियों को भी जेल की सलाखों के पीछे भेजा है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में अवैध हथियार रखने वाले 3 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 2 अवैध देशी कट्टे, 1 देशी पिस्टल व 4 जिंदा रोंद बरामद किए।

वहीं ड्रग्स की तस्करी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन आरोपियों के कब्जे से 32.4 ग्राम स्मैक व 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

### ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई



पुलिस की ओर से अभियान के तहत वाहनों में ब्लैक फिल्म लगाने एवं शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के साथ-साथ यातायात नियमों की उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए। इन वाहनों में 45 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 105 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 1909 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 397 विदाउट नंबर प्लेट, 1739 ट्रिपल राइडिंग, 8 बुलेट बाइक में पटाखा बजाने तथा 4640 लेन चेंज से संबंधित नियम अवहेलना करने वाले वाहन शामिल थे।

### लाखों के व्हीकल किए बरामद

पुलिस की ओर से 22 लाख 61 हजार रुपये से ज्यादा की कीमत की चोरी हुई 4 बाइक व 2 कार को बरामद करने के साथ ही वारदातों को अंजाम देने वाले 8 आरोपियों पर शिकंजा कसा गया। इसके अलावा गृहभेदन के मामलों में 9 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 3 लाख 30 हजार 100 रुपये की कीमत के चोरी किए गए सामान को बरामद किया गया।

### लापता हुए लोगों को परिवार से मिलाया

पुलिस ने गत अप्रैल माह में जिले से लापता हुए 78 लोगों की तलाश कर उनके परिवार से मिलाया, जिसमें 20 नाबालिग लड़के-लड़कियां व 58 महिला व पुरुष शामिल है।

## जनगणना की जानकारी एवं आंकड़े रखे जाएंगे गोपनीय और सुरक्षित: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली



जनगणना के दौरान लोगों की ओर से दी जानी वाली जानकारी एवं आंकड़े पूर्ण रूप से गोपनीय एवं सुरक्षित रखे जाएंगे। इसका उपयोग केवल शासकीय जनगणना के लिए ही किया जाएगा। जनगणना की भ्रांतियों को दूर करने के लिए सभी कार्यालय अध्यक्ष अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक भी करेंगे। एसडीएम विजय कुमार यादव ने बताया कि उपमंडल में जनगणना का कार्य शुरू हो चुका है। जनगणना-2027 के पहले चरण में 31 मई तक मकानों के सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना के अंतर्गत एकत्रित किया जाने वाला समस्त डाटा पूर्णतः गोपनीय एवं सुरक्षित रखा जाएगा। इसका उपयोग केवल शासकीय जनगणना उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। जनगणना कार्य की प्रभावी मानिटरिंग के लिए अधिकारियों को सप्ताह में कम से कम दो बार फील्ड का दौरा करने तथा पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों की ओर से किए जा रहे कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी को सभी विद्यालय प्रमुखों के माध्यम से जनगणना कार्य के लिए तैनात स्टाफ का समुचित समायोजन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने स्कूल मुखियाओं को निर्देश दिए है कि आवश्यकता अनुसार पीरियड्स का समायोजन किया जाए तथा जनगणना ड्यूटी पर तैनात स्टाफ को मूवमेंट रजिस्टर में प्रविष्टि करते हुए कार्य संपादित करने के लिए निर्देशित किया जाए।

## गोरक्षा दल के प्रधान साथियों सहित भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली



भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर गोरक्षक दल सुरेहली के प्रधान निखिल यादव अपने साथियों सहित भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की है। वरिष्ठ भाजपा नेता वीरकुमार यादव के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में निखिल यादव ने एक्स एसपीजी कमांडों गुलाब सिंह, गौरव गुलिया, लक्की यादव, यश शर्मा, राहुल यादव, सत्यवान सभरवाल व भोलू के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान वीरकुमार यादव ने सभी का पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार जनहित में लगातार कार्य कर रही है, जिसके चलते युवाओं और सामाजिक संगठनों का पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि नए कार्यकर्ताओं के जुड़ने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में कोसली, श्यामनगर व नठेडा के सरपंच मास्टर रामकिशन, जिले सिंह, मनोज कुमार, सुरेंद्र सिंह, रमेश शर्मा, विनोद यादव, महेंद्र सिंह, रणबीर सिंह, हरिओम, शारदा यादव, संजय पंच, प्रमोद शास्त्री व संजय राव मौजूद थे।



### नाहड़ मंडल ने मनाया पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत का जश्न

कोसली। भारतीय जनता पार्टी नाहड़ मंडल की ओर से पश्चिम बंगाल में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने, असम में लगातार हैट्रिक लगाने व पुंडूचेरी में लगातार सरकार बनने पर खंड मुख्यालय नाहड़ में खुशी मनाई। इस मौके पर जिला सह संयोजक स्वच्छता अभियान प्रेमप्रकाश नाहड़ ने कहा कि बंगाल के जागरूक मतदाताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों पर मोहर लगाकर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा में विश्वास जताकर बंगाल सरकार व मुख्यमंत्री ममता के तानाशाही जंगलराज से छुटकारा पाया है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत संकल्प को साकार करने में भी बहुत मददगार बनेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हरीश दायमा ने कहा कि भाजपा का यह शानदार प्रदर्शन हरियाणा में 10 मई को होने वाले शहरी निकाय चुनावों में भी जारी रहेगा। इस अवसर पर पिंकी यादव, राधेश्याम शर्मा, सुरेन्द्र यादव, जयभगवान प्रजापत, देवेन्द्र यादव, सज्जन सोनी, जितेन्द्र बिट्टू, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, प्रतीक यादव, जयंत कुमार, ऋषभ यादव, जागेराम प्रजापति, प्रिंस व अशोक कुमार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मनोज यादव बने ज्वाइंट फॉर्म ऑफ मेडिकल लैब साइंस के चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी



बेरली निवासी डा. मनोज यादव को ज्वाइंट फॉर्म ऑफ मेडिकल लैब साइंस का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। डा. मनोज इससे पहले भी 8 साल से लगातार ऑल इंडिया के फेडरेशन के प्रेसिडेंट और हरियाणा के 5 साल प्रेजिडेंट रहे है। डा. मनोज ने सरकार के साथ लगातार पैथोलॉजी लैब को लेकर बनाई गई नीति और काउंसिल के लिए लगातार काम किया और एनसीएएचपी बिल को लोकसभा और राज्यसभा में पास कराने में विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी के अंदर विशेष गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाए और आम जनता को अच्छे इलाज में अच्छा सहयोग मिले। मेडिकल लैब पर काम किया जाए। इस सबसे हरियाणा ही नहीं, पूरे भारतवर्ष को फायदा होगा। भारत सरकार स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ पैथोलॉजी की फीस कम करने पर भी काफी चर्चाएं कर रही है। मनोज यादव ने बताया मेडिकल लैब के रजिस्ट्रेशन और पॉलिसी को लेकर स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय से लगातार बातचीत की जा रही है। सभी राज्यों में स्टेट मेडिकल काउंसिल के गठन का काम भी जारी है। उन्होंने कहा उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, वे इसका जनता और मरीजों की भलाई के लिए सहयोग करते हुए एक बेहतर चिकित्सा सेवा देने का प्रयास करेंगे।




### जन शक्ति जागृति मंच का हुआ विस्तार, मंजू शर्मा बनी जिला अध्यक्ष

- संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा

रेवाड़ी। जन शक्ति जागृति मंच की ओर से मंगलवार को जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संगठन का विस्तार को लेकर चर्चा करते हुए नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। इस मौके पर जन शक्ति जागृति मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष मेनका सोनी ने कहा कि संगठन को मजबूत प्रदान करने के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर मंजू शर्मा को जिला अध्यक्ष, कुलदीप सोनी को जिला कार्यक्रम अधिकारी, संतोष बुढ़ाना को बैकवर्ड जिला अध्यक्ष, दीपक कुमार को जिला महासचिव, आरती शर्मा जिला सचिव व निर्मला देवी को बावल की जिला प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, सोनिया शर्मा व प्रकाश वर्मा मौजूद थे।

## न्यूज डायरी



### आईजीयू में वर्ल्ड इम्युनाइजेशन वीक का आयोजन

मीरपुर। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में होटल एवं टूरिज्म प्रबंधन विभाग तथा यूथ रेडक्रॉस के संयुक्त तत्वावधान में वर्ल्ड इम्युनाइजेशन वीक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतिरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में योग विभाग के सहायक आचार्य डा. अमनदीप उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिरक्षण के महत्व, इसके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव तथा समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित प्रतिरक्षण के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर होटल एवं टूरिज्म विभाग के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े विषयों पर अपने विचार भी साझा किए।



### रोहिंग्या व बांग्लादेशियों की पहचान के लिए चला सर्च अभियान

रेवाड़ी। जिला पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को थाना कसोला व बावल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य स्थानों पर संदिग्ध लोगों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों के पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है, जोकि आगे भी इस तरह का लगातार जारी रहेगा। उन्होंने सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाने के निर्देश दिए। एसपी ने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी अपने पास काम करने वाले या किराए पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की पुलिस वेरिफिकेशन जरूर कराए। अगर भविष्य में कोई व्यक्ति ऐसा नहीं करता तो उसके खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



### ईमानदारी, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ जनगणना कार्य करें प्रगणकः हर्ष कुमार

रेवाड़ी। चार्ज ऑफिसर रमन कुंडू के नेतृत्व में जिले के गांव करनावास क्षेत्र में जनगणना कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सभी प्रगणकों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई तथा कार्य को सुचारू एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। इस मौके पर सुपरवाइजर प्रवक्ता हर्ष कुमार ने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का सही आंकलन किया जाता है। उन्होंने सभी प्रगणकों से ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक घर तक पहुंचकर सही एवं सटीक जानकारी एकत्रित की जाए, ताकि भविष्य की योजनाओं एवं विकास कार्यों के लिए सटीक डेटा उपलब्ध हो सकें। इस अवसर पर रीना, मंजूबाला, संजय कुमार, सुशीला कुमारी, रश्मि व अंजुरानी प्रगणकों ने जनगणना कार्य को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### पोलिंग बूथ 36, 37 और 38 फिर से राव तुलाराम स्टेडियम में शिफ्ट

रेवाड़ी। नगर परिषद के आम चुनाव को लेकर मतदाताओं की सुविधा तथा निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए कुछ पोलिंग बूथों में परिवर्तन किया गया है। यह परिवर्तन राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि 10 मई को 99 बूथों पर नगर परिषद रेवाड़ी का मतदान कराया जाना है, जिसमें से बूथ संख्या 36, 37 और 38 के मतदान केंद्रों में संशोधन किया गया है। पहले बूथ नंबर-36 सामुदायिक भवन बायां कक्ष सज्जन सोसायटी था, जिसे अब बदलकर राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी हाल पार्ट-1 किया गया है। इसी प्रकार बूथ नंबर-37 सामुदायिक भवन दायां कक्ष सज्जन सोसायटी था, जिसे अब बदलकर राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी हाल पार्ट-2 किया गया है तथा बूथ नंबर-38 हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर सज्जन सोसायटी को अब बदलकर राव तुलाराम स्टेडियम रेवाड़ी हाल पार्ट-3 किया गया है। डीसी ने मतदाताओं से 10 मई को निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। पोलिंग बूथ 36, 37 व 38 पहले राव तुलाराम स्टेडियम में ही थे, जिनको बदलकर सज्जन सोसायटी में कर दिया गया था। पोलिंग बूथों को शिफ्ट करने पर वार्ड के लोगों व उम्मीदवारों ने विरोध जताया था।

मैनेजमेंट शब्दकोश में एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र रिया और अभिनव प्रथम स्थान पर रहे

## खेलों के माध्यम से विद्यार्थी आपसी तालमेल, संवाद कौशल नेतृत्व क्षमता और टीम भावना सीखते हैं: डा. भारती

- प्रो. समृद्धि और डा. सुशांत यादव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मीरपुर

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों के लिए मैनेजमेंट गेम्स का आयोजन किया गया। खेलों का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रितु बजाज ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों से प्रबंधन सीखने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर डा. भारती ने कहा कि खेलों के माध्यम से विद्यार्थी आपसी तालमेल, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना सीखते हैं, जोकि आगे चलकर उनके व्यावसायिक जीवन में बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध होती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रोल प्ले, वीडियो एड मेकिंग, कैनवा पोस्टर मेकिंग, मैनेजमेंट शब्दकोश, बैलेंस द बॉल, गेस द टैगलाइन, हेड गेम, कभी हां कभी ना व बैलेंस द बैलून का आयोजन किया गया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

रोल प्ले में इंटीग्रेटेड एमबीए प्रथम वर्ष से छवि, आयुष, अंकित और मितेश और वीडियो मेकिंग में छवि, ईशा, रितु और दीपिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैनवा पोस्टर मेकिंग में इंटीग्रेटेड एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र दीपांशु ने प्रथम, एमबीए फर्स्ट ईयर के छात्र मनोज ने द्वितीय और इंटीग्रेटेड एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र रजत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मैनेजमेंट शब्दकोश में एमबीए प्रथम वर्ष के छात्र रिया और अभिनव प्रथम स्थान पर रहे। बैलेंस द बैलून में हिमांशु करिश्मा और मन्नू कौशिक की टीम ने बाजी मारी। गेस द टैगलाइन में एमबीए द्वितीय वर्ष से विशाल और दीपिका और एमबीए प्रथम वर्ष से कमल विजय रहे। हेड गेम में एमबीए प्रथम वर्ष से यश, मनोज, याशु, कमल, एमबीए द्वितीय वर्ष से जितेंद्र और रोहित, इंटीग्रेटेड एमबीए प्रथम वर्ष से सिद्धांत, आयुष, भारत और विकास ने बाजी मारी। कभी हां कभी ना खेल में इंटीग्रेटेड एमबीए द्वितीय वर्ष के छात्र तरुण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बैलेंस द बैलून खेल में एमबीए प्रथम वर्ष की मनीषा, एमबीए द्वितीय वर्ष के सौरभ, इंटीग्रेटेड एमबीए द्वितीय वर्ष के भूमिका, पारुल और दीपेश विजेता रहे। प्रो. समृद्धि और डा. सुशांत यादव ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डा. जसविंदर सिंह, डा. देवेश अग्रवाल व सुरेंद्र कुमार सहित शोधार्थी और विभाग के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। मंच संचालन इंटीग्रेटेड एमबीए द्वितीय वर्ष के गिरीश चौहान और कनक ने किया। कार्यक्रम के आयोजन में विद्यार्थी समूह से सौरभ, ललित, मेघा, पलक, खुशी, इशू, तरुण और लव कुमार ने सहयोग दिया।

## धारूहेड़ा ब्लॉक में कचरा प्रबंधन पर सख्ती लापरवाही पर ग्राम सचिव होंगे जिम्मेदार

- ग्राम पंचायतों में कचरा उठान और प्रबंधन में अनियमितताओं को लेकर प्रशासन सख्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी धारूहेड़ा ने ग्राम पंचायतों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और कचरे के पृथक्करण को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। जारी आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि सरकार की स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत यह कार्य नियमित और निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाना अनिवार्य है। निरीक्षण के दौरान सामने आया कि कई ग्राम पंचायतों में कचरा संग्रहण एजेंसियां निर्धारित स्थानों के बजाय खाली जगहों पर कचरा डाल रही हैं, जो नियमों का खुला उल्लंघन है। लापरवाही के चलते कुछ पंचायतों पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेशानुसार हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से आर्थिक दंड भी लगाया जा चुका है। आदेश में यह भी संकेत दिया गया है कि कुछ मामलों में ग्राम सचिव और सरपंच की मिलीभगत से नियमों के विपरीत भुगतान किए जा रहे हैं, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। इसे गंभीर अनियमितताओं मानते हुए प्रशासन ने कड़ी चेतावनी भी दी है।

### तीन दिन में रिपोर्ट देना अनिवार्य

सभी ग्राम सचिवों को निर्देश दिए गए हैं कि वे 3 दिन के अंदर अपने-अपने क्षेत्रों में कचरा संग्रहण कार्य की पूरी जानकारी प्रस्तुत करें, जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि किस पंचायत ने टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से एजेंसी नियुक्त की है। कौन सी पंचायत स्वयं कार्य कर रही है और किन स्थानों पर यह कार्य खंड स्तर पर संचालित हो रहा है। यह रिपोर्ट खंड पटवारी के माध्यम से कार्यालय में जमा करानी होगी।

### भुगतान पर रोक की चेतावनी

आदेश में कहा गया है कि यदि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और सेग्रीगेशन कार्य सरकार के निर्देशानुसार नहीं किया गया, तो आगामी आदेशों तक संबंधित पंचायतों में इस मद का कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ग्राम सचिव को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश की प्रति उपायुक्त रेवाड़ी और जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भी भेजी गई है।